# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

अंक :165

दिसम्बर 2015

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित प्रकाशन का चौदहवां वर्ष


**स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष** **नव वर्ष - 2016 की हार्दिक शुभकामनाएं**

- दिसम्बर 2015 में 28 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 12
- उदयपुर का तापमान दिसम्बर माह में : अधिकतम 29° सेल्सियस, न्यूनतम 3° सेल्सियस रहा।
- नवम्बर माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

### आर्थिक सहयोग-

● **स्वर्ण जयन्ती सहयोग – श्री एस.पी. मित्तल – 5000 रु., श्री मुनीश गोयल – 10,000 रु. ।**

● **नई सदस्यता – श्री अरुण कुमार अग्रवाल – 11,000 रु. ।**

●**सामान्य सहयोग – प्रो. सुशीला अग्रवाल – 1000 रु. ।**

● **वार्षिक सहयोग – श्री भंवरलाल जी डागलिया – 2000 रु., डॉ.एन.के. पुरोहित –1000 रु., डॉ. जी.सी. लोढ़ा – 1000 रु. ।**

●

● **विशेष सहयोग** – हमारे सदस्य **श्री शांतिलाल भण्डारी** समिति में पिछले दो वर्ष से आवश्यकतानुसार एलपीजी गैस सिलेण्डर का सहयोग कर रहे हैं। हार्दिक आभार!

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

● **लोकविज्ञान :** इस अंक में प्रौद्योगिकी विकास के सामाजिक प्रभाव, हमारे भोजन में भी है विकिरण, फैशन के कारण होता है वैरीकोज अल्सर, हृदय की क्षतिग्रस्त पेशियों का प्रोटीन से उपचार, पर्यावरण भी है कैंसर की वजह व लोकविज्ञान पुराने अंको से मोटापा : शारीरिक व मानसिक अभिशाप आदि का समावेश है।

● **स्मृति व्याख्यान :** हमारे पूर्व अध्यक्ष एवं राजस्थान के पूर्व मुख्य सचिव मेवाड़ के सपूत स्वर्गीय **श्रीमान एम.एल.मेहता** का पिछले वर्ष 7 दिसम्बर 2014 को देवलोक गमन हो गया था। समिति द्वारा 7 दिसम्बर 2015 को ही स्मृति व्याख्यान आयोजित प्रस्तावित था किन्तु उनके परिवारजनों की सलाह से उसे 14 दिसम्बर को समिति परिसर में आयोजित किया। मेहता सा. के अनुज **डॉ.एस.एल. मेहता,** पूर्व कुलपति,महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता थे। उन्होंने मेहता सा. के विजन पर वार्ता दी जिसमें अन्त्योदय से लगाकर कई विषयों पर जो मेहता सा. को प्रिय थे सम्मिलित किया। मेहता सा. का सोच था कि कृषि को भी उद्योग ही माना जाए और उसी अनुरूप उसका विकास होना चाहिए। डॉ.एस.एल.मेहता ने उन्नत कृषि के देश भर से एकत्र की गई कई स्लाइड भी बताई जो बहुत उपयोगी व रुचिकर थी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मेहता सा. के चित्र को माला पहनाई गई दीप प्रज्वलन किया गया। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने आगन्तुकों के स्वागत के साथ–साथ मेहता सा. के बारे में उनके संस्मरण और विज्ञान समिति में उनके योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम का संयोजन **डॉ. के.पी. तलेसरा** ने किया। मुख्य वक्ता का परिचय **डॉ. एल.एल. धाकड़** ने दिया।

### महिला सशक्तीकरण



***●नवाचार महिला प्रकोष्ठ व वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ का वार्षिक समारोह-झनकार 2015 :*** यह समारोह दिनांक 22 दिसम्बर को सायं 6 से 10 बजे के बीच समिति परिसर में **'रिश्तों का श्रृंगार'** थीम पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य **श्री लक्ष्मणसिंह जी कर्णावट** थे व कार्यक्रम की अध्यक्षता **डॉ.के. एल.कोठारी** ने की। कार्यक्रम लॉन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ **'म्यूजिकल हाउजी'** से हुआ। संयोजिका **विजयलक्ष्मी गलुण्डिया, उर्वशी सिंघवी व मीतु कावडिया** ने रिश्तों एवं श्रृंगार पर आधारित 90 नए पुराने गीतों पर हाउजी आयोजित कर दर्शको को गाने गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। तत्पश्चात् **राखी जैन ग्रुप ने 'नंगाडा संग ढोल बाजे', नलिना लोढ़ा ग्रुप ने 'झुमका गिरा रे', शिवा तलेसरा ग्रुप ने 'मेंहदी है रचने वाली', पुष्पा अग्रवाल ग्रुप ने 'कजरारे–कमरारे', विजयलक्ष्मी ग्रुप ने 'प्रेम रतन धन पायो', रीना लोढ़ा ग्रुप ने 'बिन्दिया चमकेगी', सविता ग्रुप ने 'लाल दुपट्टा उड़ गया'** आदि प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। **मंजुला शर्मा व बेला जैन के हास्य नाटक 'मल्टीपरपज डॉक्टर'** ने सबको हंसा–हंसा कर लोटपोट कर दिया। **शिल्पा खमेसरा ग्रुप की रिश्तों की पेरोडी ने रिश्तों की महत्ता बताई।** कार्यक्रम में 25 वर्ष से लेकर 75 वर्ष की सदस्याओं ने प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुंडिया** को शॉल




**विज्ञान समिति, रोड नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर-313001 फोन : 0294-2413117, 2411650**

Website : www.vigyansamitiudaipur.org
E-mail Id : samitivigyan@gmail.com

ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। चेयरमेन **श्रीमती पुष्पा कोठारी**(प्रभारी, महिला सशक्तीकरण) ने स्वागत किया व **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुंडिया** (संयोजिका, नवाचार प्रकोष्ठ) ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम पश्चात् स्वादिष्ट भोजन में सभी ने रुचि ली।

***ग्रामीण महिला चेतना शिविरः***

● 26 दिसम्बर 2015 को **पंतजलि योग सेवा समिति** की ओर से ग्रामीण महिलाओं को योग संबंधित जानकारी देने के लिए एक दिवसीय शिविर **विद्या निकेतन विद्यालय, हिरण मगरी सेक्टर 4** में आयोजित हुआ जिसमें विज्ञान समिति के 3 गांवों (चंदेसरा, टूस डांगियान एवं घणोली) की 100 महिलाओं ने भाग लिया। इन महिलाओं को भोजन योग सेवा समिति की ओर से ही कराया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. शैल गुप्ता एवं श्रीमती मंजुला शर्मा का सक्रिय सहयोग रहा।

● 30 दिसम्बर को आयोजित ग्रामीण महिला चेतना शिविर में तीन गांवों **चंदेसरा, टूंस डागियान, नान्दवेल** की 53 महिलाएं सम्मिलित हुई। **डॉ.शैल गुप्ता** ने योगाभ्यास कराया। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने जीवन पच्चीसी के बिन्दुओं पर चर्चा की। प्रो. सुशीला अग्रवाल ने महिलाओं को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती पुष्पा कोठारी ने शिविर के बारे में चर्चा की। चंदेसरा से 9 एवं नांदवेल से 2 नए सदस्य बने। टूस डांगियान की **श्रीमती तारा** को 5 हजार रु. का ऋण दिया गया। आयुर्वेदाचार्य **डॉ. शोभालाल औदिच्य** ने उचित खान–पान से सर्दी में होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम बहुत उत्साहवर्द्धक रहा। **श्रीमती रेणु भंडारी** ने लहर का वितरण किया एवं **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने महिलाओं को लहर पत्रिका में अपने बारे में लिखकर लाने को कहा।

***घणोली :*** 8 दिसम्बर को **प्रो.सुशीला अग्रवाल, डॉ.के.एल. कोठारी, प्रो.जे.एन.कविराज, श्रीमती मंजुला शर्मा** समिति कार में कैलाश के साथ घणोली गांव गए। पहले प्राथमिक विद्यालय में गए जहां प्रधानाध्यपक **श्री राजेश जी जोशी** ने स्नेहपूर्वक स्वागत किया। विद्यालय का जो विकास हुआ उसको देखकर सभी सदस्य बहुत प्रसन्न हुए। सभी विद्यार्थियों को वराण्डे में बिठाकर उनसे बहुत चर्चा की। प्रधानाध्यपक जी से विद्यार्थियों की आवश्यकता पर भी चर्चा की। उन्होंने 5 बच्चों के लिए स्वेटर चाहे जो भेज दिए गए है। इसके बाद **चारभुजा सेंटर** के सामूदायिक भवन में रुके वहां दोनों कृषक समूहों के प्रतिनिधियों से चर्चा हुई। दोनों समूह नियमित रूप से चल रहे हैं। उनको प्रेरित किया कि आप उन्नत खेती के प्रदर्शन देखने के लिए जाए समिति आपको कुछ आर्थिक सहयोग कर देगी। इस पर उन सब की सहमति हुई। इसके बाद गांव के माध्यमिक विद्यालय में गए। जहां प्रधानाध्यापक **श्री नवनीतलाल जी जैन** से एवं अन्य अध्यापक–अध्यापिकाओं से भी चर्चा हुई। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर द्वारा स्वीकृत की गई 5 छात्रवृतियाँ सरपंच के हाथों दिलवाई। तत्पश्चात् नवीं व दसवीं कक्षा के बच्चों को अलग–अलग कक्षाओं में प्रेरणात्मक संदेश दिए। स्वेटर के बारे में प्रधानाध्यापक जी ने कहा कि उन्हें अन्य किसी संस्था से प्राप्त हो चुके हैं।

***सेवा प्रकोष्ठ :*** समिति की ओर से 3 अभावग्रस्त महिलाओं को कंबल प्रदान किए गए।

***सम्मान् कार्यक्रम :***

विज्ञान समिति सभागार में दिनांक 31 दिसम्बर 2015
















प्रातःकाल 11 बजे उत्कृष्ट उपलब्धि सम्मान एवं उत्कृष्ट जीवन सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में **इंजि. श्री अखिलेश जी जोशी** को **उत्कृष्ट उपलब्धि सम्मान** से नवाजा गया। श्री जोशी को हाल ही में वेदान्ता लि. ने **प्रेसीडेंट–ग्लोबल जिंक बिजनेस** के सम्मानित पद पर पदोन्नत किया। आपका हिन्दुस्तान जिंक लि. की जिंक माइनिंग एवं प्रबन्धन क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा।

इसी क्रम में **काका श्री कन्हैयालाल जी बापना** के 98वें वर्ष, **डॉ. जी.सी. लोढ़ा** के 92वें वर्ष एवं **श्री किरणमल जी सावनसुखा** के 91वें वर्ष में प्रवेश करने पर उनको उत्कृष्ट जीवन सम्मान से नवाजा गया। सभी को तिलक, माला, उपरणा, शॉल, स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान्–पत्र दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट संरक्षक सदस्य **श्रीमान् बी.एच. बाफना एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमान् एन.एस. मेहता** रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अध्यक्ष **डॉ. के.एल. कोठारी** ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। सभी सम्मानित महानुभावों का संक्षिप्त परिचय कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़** ने दिया। आभार **डॉ. के.पी. तलेसरा** एवं कार्यक्रम का संयोजन. **डॉ. के.एल. तोतावत** ने किया।

**स्वास्थ्य सेवाएं**

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति,**

**महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास**, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। दिसम्बर माह में 9 शिविर हुए जिसमें 160 **रोगियों** की चिकित्सा की गई।

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास**, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार प्रशिक्षण दिनांक 26 से 30 दिसम्बर तक सायं 5.30 से 8 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। इस प्रशिक्षण में **30 प्रशिक्षणार्थियों** ने भाग लिया। इसी क्रम में महेश सदन, तीज का चौक में 3 दिवसीय सेवा शिविर में 500 दर्दियों को एक्यूप्रेशर से उपचार दिया गया।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** **विज्ञान समिति, अशोकनगर जैन सोसायटी, अणुव्रत समिति, महावीर इंटरनेशनल, एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद** के संयुक्त तत्वावधान में **तीसवां शिविर दिनांक 20 दिसम्बर 2015** तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.आई.एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. अनुराग तलेसरा, डॉ.पूजा भटनागर व दर्शन डेंटल कॉलेज की टीम, श्री कल्पेश पूर्बिया व श्री बी.एल.पोरवाल व श्री सौरभ आमेटा जांच नेचरोपेथी ब्लड शुगर एवं एक्यूप्रेशर टीम व डॉ.निवेदिता पटनायक होम्योपेथी चिकित्सक** ने अपनी **मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 55 नागरिकों का (15 सामान्य, 15 हृदय, 16 मधुमेह, 2 दंत, ) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 4 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी व 3 नागरिकों को होम्योपैथी चिकित्सा पराम ि दिया गया। 20 नागरिकों की ब्लड शुगर व 10 नागरिकों की न्यूरोपैथी जांच की गई। आगामी **इकतीसवां शिविर 17 जनवरी 2016 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।**

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की बैठक 26 दिसम्बर 2015 को सायं 5 बजे विज्ञान समिति के सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य वक्ता **डॉ जे.के. दोशी** पूर्व आचार्य, संचार विभाग, पंतनगर विश्वविद्यालय थे जिन्होंने Udaipur in the Race of Smart Cities के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए शहर के ड्रेनेज सिस्टम की खामियां, आयड़ नदी एवं शहर की झीलों में बढ़ते प्रदूषण, खाली प्लॉटों में कचरा निस्तारण, भीड़–भीड़ भरी सड़कें, अनियंत्रित ट्रेफिक, बढ़ती मोटर गाड़ियों एवं ऑटो की संख्या व प्रदूषण की समस्या से स्मार्ट सिटी बनने में आने वाली रूकावटों का जिक्र किया। इसी क्रम में निम्नांकित समूह के संयोजकों ने संक्षिप्त में अपने विचार व्यक्त किए एवं अपने समूह के गठन पर सहमति जताई। समूह गठन हेतु प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की सदस्यों की सूचीमय उनके विशेषज्ञता के साथ समूह संयोजकों को दी गई।

**1. पर्यटन विकास – डॉ. जे.के. दोशी, 2. जल आपूर्ति– श्री बी.आर. अरोड़ा, 3 जल संरक्षण – (रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग) – डॉ.पी.सी.जैन 4. विरासत संरक्षण – श्री एस.के.वर्मा, 5. शिक्षा – डॉ. एन.के. पुरोहित 6. पार्क और खुले मैदान – श्री आर.पी. शर्मा, 7. अफोर्डेबल हाउसिंग – श्री आर.पी. शर्मा 8. निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं सौर ऊर्जा का उपयोग – डॉ. बी.एल.खमेसरा, 9. नागरिकों की भूमिका – डॉ. अरुण चतुर्वेदी 10. पार्किंग – इंजी. जे. एस. दवे 11. सड़क, फ्लाई ऑवर एवं अंडर ब्रिज – इंजी. जी.एस. टांक, 12. प्रशासनिक कार्यालय समूहीकरण – डॉ. एल.एल. धाकड़।**

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

इस प्रकोष्ठ की बैठक 12 दिसम्बर, शनिवार को प्रातः 11 बजे समिति परिसर में आयोजित हुई जिसमें लगभग 20 सदस्यों ने भाग लिया। इस दिन भी पूर्व निर्धारित प्रश्नों पर ही चर्चा की गई। इन दिन का विषय था **क्या अहिंसा से देश की रक्षा हो सकती है।** चर्चा में मुख्य वक्ता थे **प्रो.प्रेमसुमन जैन। प्रो. पी.एम.अग्रवाल, इंजी. जे.एस.पोखरना, डॉ.एन.एल.कच्छारा एवं डॉ.एन.एल.कच्छारा** ने भाग लिया। **डॉ.के.एल.कोठारी** ने भी कुछ रुचिकर जानकारी दी।

## केलवा प्रोजेक्ट

● **श्रद्धा** के 26 वा अंक (दिसम्बर) प्रकाशित हुआ।

● **आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान, केलवा** की साधारण सभा की बैठक 6 दिसम्बर को केलवा में आयोजित हुई। जिसमें उदयपुर से **डॉ.के.एल.कोठारी, डॉ.यशवंत कोठारी व डॉ.आर.एल. जैन** ने भाग लिया। बैठक में चर्चा के बाद विधान को अंतिम रूप दिया गया। कई अन्य निर्णय लिए गए।

● संस्था का एक ब्रोश्योर एवं एक पोस्टर तैयार हुए है।

● पुस्तक दान योजना में भी पुस्तकें प्राप्त हुई है।

● आचार्य भिक्षु व्याख्यानमाला के अंतर्गत **आचार्य भिक्षु की साधना एवं संगठन** विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन **मुनि श्री राकेश कुमार जी एवं मुनी श्री हर्षलाल जी** के सान्निध्य में विज्ञान समिति सभागार में आयोजित हुई जिसमें उपस्थिति काफी उत्साहवर्धक थी। संगोष्ठी के प्रारम्भ में तेरापंथ के अध्यक्ष **डॉ. राजकुमार** ने सभी का स्वागत किया एवं **डॉ. के.एल. कोठारी** अध्यक्ष विज्ञान समिति ने विषय प्रवेश के साथ आचार्य भिक्षु पर आधारित काव्य रचना की प्रस्तुति दी। इस संगोष्ठी में **मुनि श्री सुधाकर जी, मुनिश्री यशवन्त कुमार जी, मुनिश्री दीप कुमार जी** के अतिरिक्त **डॉ. एल.एल. धाकड़** भी वक्ता रहे।

## अन्य बिन्दु

● हमारे द्वारा प्रस्तावित **विज्ञान प्रयोगशाला** के निर्माण के लिए राशि विधायक कोष से प्रदान करने के लिए हमने माननीय **श्रीमान गुलाबचंद जी कटारिया** को प्रार्थना–पत्र दिया। उस संबंध में जिला परिषद से पत्र आया है और कुछ आवश्यक पत्रावलि देने संबंधी पत्र प्राप्त हुआ। उसकी पूर्ति कर दी गई है।

● हमारे गोद लिए हुए नर्सरी विद्यालय **टॉय एंड जॉय** का एक कार्यक्रम **मदरर्स डे** 19 दिसम्बर को समिति में आयोजित हुआ जो बहुत सफल व उपयोगी रहा। तातेड़ परिवार को बधाई!

● हमारी सदस्या **श्रीमती चंद्रा भण्डारी** जी ने उषा कंपनी की बिजली से चलित कशीदे एवं सिलाई करने की एक मशीन समिति में भेंट की। हार्दिक आभार !

## सदस्यों संबंधी

●हमारे अध्यक्ष डॉ.कोठारी की दो कविताएँ **राजस्थान साहित्य अकादमी** की मासिक पत्रिका **मधुमति** के नवम्बर अंक में छपी। डॉ.कोठारी अपनी पत्नी के साथ 1 जनवरी को अपने छोटे पुत्र पराग के यहाँ हैदराबाद दिन के फ्लाईट से जायेगे।

●हमारे मानद निदेशक एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ.के.बी.शर्मा** की पुत्री व हमारी सदस्या **डॉ.अपर्णा शर्मा** को भोपाल नोबल संस्थान द्वारा **स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजसमन्द** की प्राचार्या नियुक्त की गई। हार्दिक बधाई !

●हमारे सदस्य,सेवानिवृत मेधावी चिकित्सक **डॉ.एल.के.कोठारी,** जयपुर के संबंध में जानकारी मिली है कि उनके पिछले माह में पोस्टरेट व हर्निया की शल्य चिकित्सा हुई। जयपुर अपने निवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएँ! मो. 9413967936

●हमारे संरक्षक सदस्य और पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष **प्रो.एन.एल.गुप्ता** के पौत्र **इंजी. हर्ष गुप्ता** का विवाह 25 नवम्बर को सम्पन्न हुआ। हार्दिक बधाई !

●हमारे महासचिव **डॉ.के.एल.तोतावत** के सुपौत्र **श्री पल्लव तोतावत** जो ग्यारहवीं कक्षा में सेंट एंथोनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोवर्धन विलास में अध्ययनरत है का **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** द्वारा विज्ञान में अनुसंधान करने वाले विद्यार्थियों के लिए **'किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना'** के तहत आयोजित परीक्षा के प्रथम चरण में चयन हुआ। इस परीक्षा में देश के 97 हजार से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। हार्दिक बधाई!

●नवाचार समूह प्रकोष्ठ की कोषाध्यक्ष **श्रीमती शिल्पा खमेसरा** की सुपुत्री **सुश्री युक्ति खमेसरा** ने दिल्ली में आयोजित नेशनल ड्रांस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हार्दिक बधाई!

●समिति सदस्य **श्री शांतिलाल भण्डारी** अपने परिवार के साथ 7 से 24 दिसम्बर तक दक्षिण भारत की केरल, तमिलनाडु व कर्नाटक के दर्शनीय स्थलों से सकुशल 25 दिसम्बर को लौट आए है।

● हमारे सदस्य **डॉ. सुजानसिंह** के सुपुत्र **श्री डॉ. अरविन्दर सिंह** का एक लेख / समाचार

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

**सेवा में**

## जन्मदिन की बधाइयाँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sh. K.L. Bapna | 01/01 | Smt. Mudita Sharma | 24/01 |
| Dr. G.C. Lodha | 01/01 | Sh.B.H.Bafna | 25/01 |
| Dr. B. Bhandari | 03/01 | Sh. Akhilesh Joshi | 25/01 |
| Sh. L.N. Shah | 03/01 | Sh.P.S.Roongta | 26/01 |
| Sh. R.K. Khokhawat | 04/01 | Sh.Mangilal Lunawat | 31/01 |
| Sh. Arun Sarupariyas | 04/01 | Smt. Anita Doshi | 05/02 |
| Sh. S.P. Mittal | 06/01 | Dr.Kamala Kawarani | 08/02 |
| Sh.B.L.Kukda | 09/01 | Mrs. Vibha Bhatnagar | 11/02 |
| Sh. N.K. Purohit | 10/01 | Dr.Mahip Bhatnagar | 11/02 |
| Sh.Mohanlal Vaisnav | 12/01 | Sh. S.K. Verma | 17/02 |
| Mrs. Vimla Kothari | 24/01 | Smt Pushpa Kothari | 19/02 |
| Sh.K.S.Sisodiya | 24/01 | Sh. Y.K. Gupta | 22/02 |

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## विज्ञान समिति के जनवरी माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, ग्रामीण महिलाओं के लिए लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

### ● नियमित स्वास्थ्य सेवाएं

–एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में
–श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 17 जनवरी 2016 प्रातः 10 से 12

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| * दर्शन विज्ञान संगोष्ठी | 09 जनवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ | 11 जनवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ | 20 जनवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 23 जनवरी 2016 | सायं 05.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 30 जनवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| गणतंत्र दिवस समारोह | 26 जनवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |

**अपील**

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का तीसरा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष (कोरपस फंड), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

Quick Print Service # 94147 36608

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर**